## महापत्तनों में जुलाई, 2022 के दौरान और तक संभाला गया कार्गो यातायात

### भारत के महापत्तनों में कुल कार्गो यातायात

समुद्री यातायात का कार्यकलाप, वैश्विक अर्थव्यवस्था में होने वाले विकास, अर्थात वैश्विक आउटपुट एवं व्यापार में वृद्धि से चालित होता है। इस प्रकार, पत्तनों द्वारा संभाले गए समुद्री कार्गो यातायात की मात्रा, मुख्य रूप से वैश्विक एवं घरेलू गतिविधियों के स्तरों एवं परिवर्तनों पर निर्भर है। भारत के 12 महापत्तनों में संभाला गया कार्गो यातायात, अप्रैल-जुलाई, 2021-22 के दौरान संभाले गए 235.65 मिलियन टन कार्गो यातायात की तुलना में **अप्रैल-जुलाई, 2022-23 के दौरान 10.4% तक बढ़कर 260.09 मिलियन टन** हो गया।

महापत्तनों में संभाला गया विदेशी कार्गो यातायात, अप्रैल-जुलाई, 2021-22 के दौरान संभाले गए 182.30 मिलियन टन से **9.8%** तक बढ़कर, अप्रैल-जुलाई, 2022-23 के दौरान 200.25 मिलियन टन हो गया। महापत्तनों में संभाला गया तटीय कार्गो यातायात अप्रैल-जुलाई, 2021-22 के दौरान संभाले गए 53.35 मिलियन टन से **12.2%** तक बढ़कर अप्रैल-जुलाई, 2022-23 के दौरान 59.85 मिलियन टन हो गया।

### जुलाई, 2022 के दौरान  संभाला गया पत्तनवार कार्गो

भारत के महापत्तनों में जुलाई, 2022 के दौरान संभाला गया कार्गो 63.39 मिलियन टन है, जिसमें पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 15.2% की वृद्धि देखी गई। महापत्तनों में जुलाई, 2022 के दौरान संभाला गया तटीय कार्गो, जुलाई, 2021 के दौरान संभाले गए 13.45 मिलियन टन से 1.5% तक बढ़कर जुलाई, 2022 के दौरान 13.65 मिलियन टन हो गया। तथापि, महापत्तनों में जुलाई, 2022 के दौरान संभाला गया विदेशी कार्गो जुलाई, 2021 के दौरान संभाले गए 41.59 मिलियन टन से 19.6% बढ़कर 49.74 मिलियन टन हो गया।

- जुलाई, 2022 के दौरान; दीनदयाल पत्तन ने संभाले गए यातायात में 30.5% की सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, कामराजार पत्तन (24.9%), कोचिन पत्तन (20.3%), एसएमपी हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स (18.2%), एनएमपीटी (18.0%), वाइजैग पत्तन (16.2%), एसएमपी कोलकाता डॉक प्रणाली (15.0%), जेएनपीटी (13.4%), वी.ओ.सी पत्तन (13.0%), पारादीप पत्तन (9.1%), मुंबई पत्तन (6.4%) और चेन्नई पत्तन (0.2%) हैं। जुलाई, 2022 के दौरान मुरगांव पत्तन (15.2%) ने ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की थी।
- 12 महापत्तनों में से, दीनदयाल पत्तन ने महापत्तनों में संभाले गए कुल कार्गो में 19.0% की हिस्सेदारी के साथ 12.04 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की। इसके बाद, पारादीप पत्तन (15.9%), जेएनपीटी (10.5%), वाइजैग पत्तन (10.4%), मुंबई


पत्तन (7.3%), एसएमपी हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स (6.4%), चेन्नई पत्तन (6.1%), कामराजार पत्तन (6.0%), एनएमपीटी (5.1%), वीओसी पत्तन (5.0%), कोचिन पत्तन (4.5%), एसएमपी कोलकाता डॉक प्रणाली (2.1%) और मुरगांव पत्तन (1.8%) आते हैं।

- वस्तुओं के व्यापक वर्ग के स्तर पर, जुलाई, 2022 में अन्य कोयला ने 123.2% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, दालें (117.2%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (58.0%), सीमेंट (56.0%), थर्मल कोयला (50.9%), परियोजना कार्गो (43.1%), चीनी (36.3%), अन्य सामान (32.9%), पीओएल-क्रूड (31.5%), एफआरएम-ड्राई (17.1%), एफआरएम-लिक्विड (12.4%), एलपीजी/एलएनजी (3.4%), कंटेनर (2.9%), पीओएल-उत्पाद (1.4%) और अन्य अयस्क (0.8%) आते हैं। जुलाई, 2022 की तुलना में लौह अयस्क/पेलेट्स ने यातायात में 53.4% की सबसे अधिक ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, लोहा एवं इस्पात (32.0%), उर्वरक (23.2%), कोकिंग कोयला (15.9%) और खाद्य तेल (5.2%) आते हैं।
- वस्तुओं के व्यापक वर्ग के स्तर पर, जुलाई, 2022 में पीओएल- क्रूड ने 21.8% हिस्से के साथ 13.84 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की। इसके बाद, कंटेनर्स (21.6%), थर्मल कोयला (15.8%), अन्य सामान (9.5%), पीओएल-उत्पाद (7.4%), अन्य कोयला (6.8%), कोकिंग कोयला (4.3%), लौह अयस्क (2.9%), एलपीजी/एलएनजी (2.1%), खाद्य तेल (1.5%), लोहा एवं इस्पात (1.2%), एफआरएम-ड्राई (1.0%), अन्य अयस्क, उर्वरक और एफआरएम-लिक्विड प्रत्येक (0.9%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (0.7%), सीमेंट और चीनी (0.3% प्रत्येक) और परियोजना कार्गो तथा दालें (0.1% प्रत्येक) आते हैं।

<u>अप्रैल-जुलाई 2022-23 के दौरान संभाला गया कार्गो यातायात</u>

- अप्रैल-जुलाई, 2022-23 के दौरान, महापत्तनों में कामराजार पत्तन ने संभाले गए यातायात में 25.0% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, वीओसी पत्तन (15.4%), कोचिन पत्तन (14.8%), एसएमपी कोलकाता (14.5%), पारादीप पत्तन (12.0%), जेएनपीटी (11.8%), वाइजैग पत्तन (11.1%), मुंबई पत्तन (10.5%), दीनदयाल पत्तन (9.9%), एनएमपीटी (7.5%), एसएमपी हल्दिया डॉक (6.2%) और चेन्नई पत्तन (2.1%) आते हैं। अप्रैल-जुलाई, 2021-22 की तुलना में अप्रैल-जुलाई, 2022-23 के दौरान यातायात में ऋणात्मक वृद्धि दर्ज करने वाला एकमात्र महापत्तन मुरगांव पत्तन 15.4% है। (तालिका-क)

- महापत्तनों में से, दीनदयाल पत्तन ने महापत्तनों में संभाले गए कुल कार्गो में 17.9% की हिस्सेदारी के साथ 46.52 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो यातायात की संभलाई की। इसके बाद, पारादीप पत्तन (17.1%), जेएनपीटी (10.5%), वाइजैग पत्तन (10.0%), मुंबई पत्तन (7.8%), कामराजार पत्तन (6.1%), चेन्नई पत्तन (6.1%), एसएमपी हल्दिया डॉक (5.6%), एनएमपीटी (5.2%), वीओसी पत्तन (5.0%), कोचिन पत्तन (4.5%), मुरगांव पत्तन (2.3%) और एसएमपी कोलकाता (2.0%) आते हैं। (नीचे दिया गया ग्राफ-I)



| तालिका-क: पत्तनवार संभाला गया मासिक कार्गो यातायात | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (हज़ार टनों में) | | | | | | | | | | | |
| क्र.सं. | पत्तनों के नाम | | जुलाई, 2021 (पी) | | जुलाई, 2022 (पी) | | (अप्रैल- जुलाई, 2021-2022) पी | | (अप्रैल- जुलाई, 2022-2023) (पी) | | % बदलाव {(कॉं.10/ कॉं.8-1) *100} |
| | | | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) | (12) |
| 1 | एसएमपी कोलकाता | विदेशी | 4102 | 9.9 | 4887 | 9.8 | 16387 | 9.0 | 17981 | 9.0 | **9.7** |
| | | तटीय | 497 | 3.7 | 511 | 3.7 | 1928 | 3.6 | 1838 | 3.1 | **-4.7** |
| | | कुल | 4599 | 8.4 | 5398 | 8.5 | 18315 | 7.8 | 19819 | 7.6 | **8.2** |
| | केडीएस | विदेशी | 1147 | 2.8 | 1306 | 2.6 | 4399 | 2.4 | 5006 | 2.5 | **13.8** |
| | | तटीय | 23 | 0.2 | 39 | 0.3 | 103 | 0.2 | 147 | 0.2 | **42.5** |
| | | कुल | 1169 | 2.1 | 1345 | 2.1 | 4502 | 1.9 | 5153 | 2.0 | **14.5** |
| | एचडीसी | विदेशी | 2955 | 7.1 | 3581 | 7.2 | 11988 | 6.6 | 12975 | 6.5 | **8.2** |
| | | तटीय | 474 | 3.5 | 472 | 3.5 | 1825 | 3.4 | 1691 | 2.8 | **-7.3** |
| | | कुल | 3430 | 6.2 | 4053 | 6.4 | 13813 | 5.9 | 14665 | 5.6 | **6.2** |
| 2 | पारादीप | विदेशी | 5850 | 14.1 | 5744 | 11.5 | 27335 | 15.0 | 25195 | 12.6 | **-7.8** |
| | | तटीय | 3370 | 25.1 | 4319 | 31.7 | 12269 | 23.0 | 19157 | 32.0 | **56.1** |
| | | कुल | 9220 | 16.8 | 10063 | 15.9 | 39604 | 16.8 | 44352 | 17.1 | **12.0** |
| 3 | वाइजैग | विदेशी | 3973 | 9.6 | 5286 | 10.6 | 16574 | 9.1 | 19150 | 9.6 | **15.5** |
| | | तटीय | 1685 | 12.5 | 1288 | 9.4 | 6908 | 12.9 | 6931 | 11.6 | **0.3** |
| | | कुल | 5659 | 10.3 | 6574 | 10.4 | 23482 | 10.0 | 26081 | 10.0 | **11.1** |
| 4 | कामराजार | विदेशी | 1769 | 4.3 | 2558 | 5.1 | 7625 | 4.2 | 9800 | 4.9 | **28.5** |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तटीय | 1297 | 9.6 | 1272 | 9.3 | 5073 | 9.5 | 6068 | 10.1 | **19.6** |
| | | कुल | 3066 | 5.6 | 3830 | 6.0 | 12697 | 5.4 | 15868 | 6.1 | **25.0** |
| 5 | **चेन्नई** | विदेशी | 3380 | 8.1 | 3389 | 6.8 | 13583 | 7.5 | 13692 | 6.8 | **0.8** |
| | | तटीय | 449 | 3.3 | 450 | 3.3 | 1868 | 3.5 | 2081 | 3.5 | **11.4** |
| | | कुल | 3829 | 7.0 | 3838 | 6.1 | 15452 | 6.6 | 15773 | 6.1 | **2.1** |
| 6 | **वी.ओ.सी.** | विदेशी | 1772 | 4.3 | 2163 | 4.3 | 7713 | 4.2 | 9266 | 4.6 | **20.1** |
| | | तटीय | 1028 | 7.6 | 1003 | 7.3 | 3617 | 6.8 | 3810 | 6.4 | **5.4** |
| | | कुल | 2801 | 5.1 | 3165 | 5.0 | 11330 | 4.8 | 13076 | 5.0 | **15.4** |
| 7 | **कोचिन** | विदेशी | 1412 | 3.4 | 1947 | 3.9 | 6265 | 3.4 | 7935 | 4.0 | **26.7** |
| | | तटीय | 964 | 7.2 | 912 | 6.7 | 3836 | 7.2 | 3656 | 6.1 | **-4.7** |
| | | कुल | 2376 | 4.3 | 2859 | 4.5 | 10100 | 4.3 | 11591 | 4.5 | **14.8** |
| 8 | **नव मंगलूर** | विदेशी | 2031 | 4.9 | 2654 | 5.3 | 9274 | 5.1 | 10494 | 5.2 | **13.2** |
| | | तटीय | 697 | 5.2 | 566 | 4.1 | 3229 | 6.1 | 2949 | 4.9 | **-8.7** |
| | | कुल | 2728 | 5.0 | 3220 | 5.1 | 12503 | 5.3 | 13443 | 5.2 | **7.5** |
| 9 | **मुरगांव** | विदेशी | 1022 | 2.5 | 1086 | 2.2 | 6149 | 3.4 | 5399 | 2.7 | **-12.2** |
| | | तटीय | 302 | 2.2 | 38 | 0.3 | 815 | 1.5 | 492 | 0.8 | **-39.7** |
| | | कुल | 1325 | 2.4 | 1124 | 1.8 | 6964 | 3.0 | 5890 | 2.3 | **-15.4** |
| 10 | **मुंबई** | विदेशी | 2678 | 6.4 | 3007 | 6.0 | 10591 | 5.8 | 12922 | 6.5 | **22.0** |
| | | तटीय | 1660 | 12.3 | 1610 | 11.8 | 7839 | 14.7 | 7444 | 12.4 | **-5.0** |
| | | कुल | 4338 | 7.9 | 4617 | 7.3 | 18429 | 7.8 | 20366 | 7.8 | **10.5** |
| 11 | **जेएनपीए** | विदेशी | 5546 | 13.3 | 6378 | 12.8 | 23203 | 12.7 | 25920 | 12.9 | **11.7** |
| | | तटीय | 326 | 2.4 | 280 | 2.1 | 1225 | 2.3 | 1395 | 2.3 | **12.1** |
| | | कुल | 5872 | 10.7 | 6659 | 10.5 | 24428 | 10.4 | 27316 | 10.5 | **11.8** |
| 12 | **दीनदयाल** | विदेशी | 8056 | 19.4 | 10643 | 21.4 | 37603 | 20.6 | 42494 | 21.2 | **13.0** |

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तटीय | 1171 | 8.7 | 1396 | 10.2 | 4740 | 8.9 | 4026 | 6.7 | **-15.1** |
| | | कुल | 9227 | 16.8 | 12039 | 19.0 | 42343 | 18.0 | 46520 | 17.9 | **9.9** |
| कुल | | विदेशी | **41591** | **75.6** | **49742** | **78.5** | **182301** | **77.4** | **200248** | **77.0** | **9.8** |
| | | तटीय | **13447** | **24.4** | **13646** | **21.5** | **53347** | **22.6** | **59846** | **23.0** | **12.2** |
| | | कुल | **55038** | **100.0** | **63388** | **100.0** | **235648** | **100.0** | **260095** | **100.0** | **10.4** |

**स्रोतः- पोर्ट डाटा मैनेजमेंट पोर्टल (पीडीएमपी), पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय पी– अनंतिम**

- वस्तुओं के व्यापक वर्ग के स्तर पर, अप्रैल-जुलाई, 2022-23 के दौरान दालों ने यातायात में 472.1% की अधिकतम वृद्धि दर्ज की है। इसके बाद, दालों को छोड़कर खाद्यान्न (200.7%), अन्य कोयला (128.8%), अन्य अयस्क (72.0%), परियोजना कार्गो (45.0%), सीमेंट (35.9%), पीओएल-क्रूड (22.9%), अन्य सामान (18.9%), थर्मल कोयला (13.3%), एफआरएम लिक्विड (7.6%), कंटेनर (4.4%), एफआरएम ड्राई (3.6%) एलपीजी/एलएनजी (2.5%) और पीओएल उत्पाद (1.1%) आते हैं। अप्रैल- जुलाई, 2021-22 की तुलना में लौह अयस्क पेलेट/फाइन ने 34.8% की सबसे अधिक ऋणात्मक वृद्धि दर्ज की। इसके बाद, लोहा एवं इस्पात (21.8%), उर्वरक (19.1%), चीनी (5.9%), खाद्य तेल (5.4%) और कोकिंग कोयला (3.2%) आते हैं। (तालिका-ख)
- सभी सामानों में अप्रैल-जुलाई, 2022-23 के दौरान कंटेनर ने 21.9% के हिस्से के साथ 57.05 मिलियन टन के अधिकतम कार्गो की संभलाई की। इसके बाद, पीओएल-क्रूड (21.1%), थर्मल कोयला (13.9%), अन्य सामान (9.3%), पीओएल उत्पाद (7.4%), अन्य कोयला (5.7%), लौह अयस्क/पेलेट (5.4%), कोकिंग कोयला (4.7%), एलपीजी/एलएनजी (1.9%), दालों को छोड़कर खाद्यान्न (1.4%), अन्य अयस्क (1.4%), खाद्य तेल (1.3%), लोहा एवं इस्पात (1.1%), एफआरएम ड्राई (1.0%), उर्वरक (0.8%), एफआरएम लिक्विड (0.8%), सीमेंट (0.4%), चीनी (0.4%), और परियोजना कार्गो (0.1%) आते हैं।


| तालिका–ख : महापत्तनों में कार्गो यातायात की वस्तुवार वृद्धि | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (हजार टनों में) | | | | | | | | | |
| वस्तु | जुलाई, 2021 (पी) | | जुलाई, 2022 (पी) | | (अप्रैल-जुलाई, 2021-22) (पी) | | (अप्रैल-जुलाई, 2022-23) (पी) | | % बदलाव {(कॉ.8/कॉ.6 -1)* 100} |
| | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | संभाला गया कार्गो | % हिस्सा | |
| पीओएल क्रूड | 10522 | 19.1 | 13839 | 21.8 | 44703 | 19.0 | 54956 | 21.1 | 22.9 |
| पीओएल उत्पाद | 4617 | 8.4 | 4680 | 7.4 | 19004 | 8.1 | 19205 | 7.4 | 1.1 |
| एलपीजी या एलएनजी | 1259 | 2.3 | 1302 | 2.1 | 4930 | 2.1 | 5055 | 1.9 | 2.5 |
| खाद्य तेल | 1007 | 1.8 | 954 | 1.5 | 3515 | 1.5 | 3326 | 1.3 | -5.4 |
| एफआरएम-लिक्विड | 512 | 0.9 | 576 | 0.9 | 1948 | 0.8 | 2096 | 0.8 | 7.6 |
| लौह अयस्क पेलेट/ फाइन | 3914 | 7.1 | 1824 | 2.9 | 21698 | 9.2 | 14145 | 5.4 | -34.8 |
| अन्य अयस्क | 540 | 1.0 | 545 | 0.9 | 2050 | 0.9 | 3525 | 1.4 | 72.0 |
| थर्मल कोयला | 6623 | 12.0 | 9991 | 15.8 | 31822 | 13.5 | 36059 | 13.9 | 13.3 |
| कोकिंग कोयला | 3259 | 5.9 | 2740 | 4.3 | 12570 | 5.3 | 12162 | 4.7 | -3.2 |
| अन्य कोयला | 1924 | 3.5 | 4295 | 6.8 | 6443 | 2.7 | 14741 | 5.7 | 128.8 |
| उर्वरक | 743 | 1.4 | 571 | 0.9 | 2592 | 1.1 | 2097 | 0.8 | -19.1 |
| एफआरएम-ड्राई | 548 | 1.0 | 642 | 1.0 | 2445 | 1.0 | 2533 | 1.0 | 3.6 |
| दालों को छोड़कर खाद्यान्न | 282 | 0.5 | 446 | 0.7 | 1201 | 0.5 | 3612 | 1.4 | 200.7 |
| दालें | 24 | 0.0 | 53 | 0.1 | 24 | 0.0 | 139 | 0.1 | 472.1 |
| चीनी | 160 | 0.3 | 218 | 0.3 | 1045 | 0.4 | 984 | 0.4 | -5.9 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सीमेंट | | 131 | 0.2 | 205 | 0.3 | 823 | 0.3 | 1119 | 0.4 | 35.9 |
| लोहा और इस्पात | | 1125 | 2.0 | 765 | 1.2 | 3753 | 1.6 | 2934 | 1.1 | -21.8 |
| परियोजना कार्गो | | 50 | 0.1 | 71 | 0.1 | 199 | 0.1 | 288 | 0.1 | 45.0 |
| कंटेनर | टन | 13276 | 24.1 | 13667 | 21.6 | 54631 | 23.2 | 57050 | 21.9 | 4.4 |
| | टीईयू (हजार में) | 886 | 1.6 | 950 | 1.5 | 3638 | - | 3820 | - | 5.0 |
| अन्य | | 4520 | 8.2 | 6006 | 9.5 | 20250 | 8.6 | 24068 | 9.3 | 18.9 |
| कुल | | **55038** | 100.0 | **63388** | 100.0 | **235648** | 100.0 | **260095** | 100.0 | 10.4 |

स्रोत:- पोर्ट डाटा मैनेजमेंट पोर्टल, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय पी – अनंतिम

## अप्रैल-जुलाई, 2022-23 के दौरान संभाला गया विदेशी एवं तटीय कार्गो यातायात


- अप्रैल-जुलाई, 2022-23 के दौरान महापत्तनों में दीनदयाल पत्तन ने 21.2% हिस्से के साथ 42.49 मिलियन टन के अधिकतम विदेशी कार्गो की संभलाई की। इसके बाद, जेएनपीटी (12.9%), पारादीप पत्तन (12.6%), वाइजैग पत्तन (9.6%), चेन्नई पत्तन (6.8%), मुंबई पत्तन (6.5%), एसएमपी हल्दिया डॉक (6.5%), एनएमपीटी (5.2%), कामराजार पत्तन (4.9%), वीओसी पत्तन (4.6%), कोचिन पत्तन (4.0%), मुरगांव पत्तन (2.7%) और एसएमपी कोलकाता डॉक (2.5%) आते हैं। (ग्राफ-II)




**Graph-II Port-wise share of overseas cargo handled during April-July, 2022-23**

- अप्रैल-जुलाई, 2022-23 के दौरान महापत्तनों में 32.0% हिस्से के साथ पारादीप पत्तन ने 19.16 मिलियन टन के अधिकतम तटीय कार्गो की संभलाई की। इसके बाद, मुंबई पत्तन (12.4%), वाइजैग पत्तन (11.6%), कामराजार पत्तन (10.1%), दीनदयाल पत्तन (6.7%), वीओसी पत्तन (6.4%), कोचिन पत्तन (6.1%), एनएमपीटी (4.9%), चेन्नई पत्तन (3.5%), एसएमपी हल्दिया (2.8%), जेएनपीटी (2.3%), मुरगांव पत्तन (0.8%) और एसएमपी कोलकाता (0.2%) आते हैं। (ग्राफ-III)

**Graph-III Port-wise share of Coastal cargo handled during April-July, 2022-23**




*****************